# INDIAN SCHOOL SOHAR
## PERIODIC TEST- III (2019-20)

No. of printed pages-4

विषयः हिंदी (पाठ्यक्रम - ब)

दिनांक : 14 -01-2020 पूर्णांक : 80

कक्षा : X समय : 3 घण्टे

---

सामान्य निर्देश : 1 इस प्रश्न-पत्र में चार खंड हैं- क, ख, ग और घ। चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

2 यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रम से लिखिए।

3 दो अंकों के प्रश्नों के उत्तर लगभग 30 से 40 शब्दों में लिखिए।

4 तीन अंकों के प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 से 70 शब्दों में लिखिए।

5 पाँच अंकों के प्रश्नों के उत्तर लगभग 80 से 100 शब्दों में लिखिए।

---

## (खण्ड-क) (अपठित बोध)

प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

बड़ी चीज़ें बड़े संकटों में विकास पाती हैं, बड़ी हस्तियाँ बड़ी मुश्किलों में पलकर दुनिया पर कब्ज़ा करती हैं। श्री विंस्टन चर्चिल ने कहा है कि ज़िंदगी की सबसे बड़ी विशेषता हिम्मत है। यदि आदमी में हिम्मत है तो उसके अन्य सारे गुण उभरकर सामने आते हैं। ज़िंदगी की दो सूरतें हैं। एक तो यह कि आदमी बड़े -से -बड़े मकसद के लिए कोशिश करे, जगमगाती जीत को पाने के लिए हाथ आगे बढ़ाए और अगर असफलताएँ कदम-कदम पर जोश की रोशनी के साथ अँधेरे का जाल बुन रही हों, तब भी वह पीछे की ओर पाँव न हटाए। दूसरी सूरत यह है कि उन गरीब आत्माओं का हमजोली बन जाए जो न तो बहुत अधिक सुख पाती हैं और न ही जिन्हें बहुत अधिक दुख पाने का ही संयोग है, क्योंकि वे आत्माएँ ऐसी गोधूलि में बसती हैं जहाँ न तो जीत हँसती है और न कभी हार के रोने की आवाज़ सुनाई पड़ती है। साहस की ज़िदगी सबसे बड़ी ज़िंदगी होती है। ऐसी ज़िंदगी की सबसे बड़ी पहचान यह है कि वह बिलकुल निडर, बिलकुल बेखौफ होती है। साहसी मनुष्य की पहली पहचान यह है कि वह इस बात की चिंता नहीं करता कि तमाशा देखने वाले लोग उसके बारे में क्या सोच रहे हैं? जनमत की उपेक्षा करके जीने वाला आदमी दुनिया की असली ताकत होता है और मनुष्यता को प्रकाश भी उसी आदमी से मिलता है। अड़ोस-पड़ोस को देखकर चलना, यह साधारण जीव का काम है। क्रांति करनेवाले लोग अपने उद्देश्य की तुलना न तो अपने पड़ोसी के उद्देश्य से करते हैं और न अपनी चाल को ही पड़ोसी की चाल देखकर मद्धिम बनाते हैं। साहसी मनुष्य उन सपनों में भी रस लेता है जिन सपनों का कोई व्यावहारिक अर्थ नहीं है। साहसी मनुष्य सपने उधार नहीं लेता, वह अपने विचारों में रमा हुआ अपनी ही किताब पढ़ता है। झुंड में चलना और झुंड में चरना- यह भैंस और भेड़ का काम है। शेर तो अकेला होने पर भी स्वयं में ही मग्न रहता है।

प्रश्न (क) ज़िंदगी की सबसे बड़ी विशेषता किसे कहा गया है और क्यों? **2**

प्रश्न (ख) ज़िंदगी की कौन- सी दो सूरतें बताई गई हैं? **2**

प्रश्न (ग) साहसी मनुष्य की क्या-क्या विशेषताएँ होती हैं? **2**

प्रश्न (घ) क्रांतिकारी और साधारण जीव में क्या अंतर है? **2**

प्रश्न (ङ) गरीब आत्माएँ जिस स्थान पर रहती हैं, उसकी क्या विशेषता है? **1**

प्रश्न (च) बड़ी हस्तियाँ दुनिया पर कब कब्जा करती हैं? **1**

**P.T.O.**

## (खण्ड-ख) (व्यावहारिक व्याकरण)

प्रश्न 2. वाक्य में स्थित पद कब शब्द बन जाता है? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। **1**

प्रश्न 3. निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार बदलिए : **3**

(i) छात्र घर गया और काम करने लगा। ( सरल वाक्य में )

(ii) डॉक्टर के पहुँचने तक रोगी मर चुका था। (मिश्र वाक्य में )

(iii) यह कामायनी पुस्तक कवि जयशंकर प्रसाद ने लिखी थी। (सयुंक्त वाक्य में)

प्रश्न 4. (क) निम्नलिखित समस्तपदों का विग्रह कीजिए तथा समास का भेद लिखिए : **2**

यथार्थ , चतुष्कोण

(ख) निम्नलिखित विग्रहों के समस्तपद बनाकर समास का भेद लिखिए : **2**

हल को धारण करने वाला (बलराम) , मृग के समान लोचन

प्रश्न 5. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए : **4**

(i) सैनिक सिर का कफन बाँधकर घर से निकलते हैं ।

(ii) गर्मी के कारण लोग बेहाल दशा में हैं।

(iii) जंगल की ज़िदगी बड़ी खतरनाक होता है।

(iv) रीति के अनुसार दोनों को एक गाँव का होना अवश्य था।

प्रश्न 6. उपयुक्त मुहावरे का प्रयोग करके रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : **4**

(क) यहाँ दिन -रात ..............................पड़ती हैं, तब कहीं यह विद्या आती है।

(ख) वामीरो के रुदन स्वरों को सुनकर उसकी माँ वहाँ पहुँची और दोनों को देखकर........... हो उठी।

(ग) हरिहर काका के भाइयों ने खून के रिश्तों की माया फैलाई, तो हरिहर काका का .........गया।

(घ) हमारे में से किसी को भी याद नहीं था कि हेडमास्टर साहब को किसी गलती के कारण किसी की ................. देखा या सुना हो।

## (खण्ड- ग) (पाठ्य-पुस्तक)

प्रश्न 7. पठित पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **6**

(क) 'बड़े भाई साहब' पाठ से हमें क्या सीख मिलती है?

(ख) कर्नल ने लेफ्टीनेंट को वज़ीर अली की योजना के बारे में क्या बताया था?

(ग) वामीरो ने झुँझलाकर कड़े स्वर में तताँरा से क्या कहा?

(घ) ' जो जितना बड़ा होता है, उसे उतना ही कम गुस्सा आता है।' 'अब कहाँ दूसरे के दुख से दुखी होने वाले' पाठ के आधार पर कथन की पुष्टि कीजिए।

प्रश्न 8. ' झेन की देन ' पाठ में लेखक के मित्र ने मानसिक रोग के क्या - क्या कारण बताए हैं? आप इन कारणों से कहाँ तक सहमत हैं? **5**

अथवा

स्वतंत्रता दिवस मनाने के लिए कलकत्ता में आयोजित सभा अनोखी क्यों थी? ' डायरी का एक पन्ना ' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 9. पठित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं <u>तीन</u> के उत्तर लिखिए। **6**

(क) ' आत्मत्राण ' कविता से प्राप्त संदेश को अपने शब्दों में लिखिए।
(ख) कवि कबीर ने सुखी और दुखी व्यक्ति किन्हें माना है और क्यों माना है?
(ग) ' तोप ' कविता के माध्यम से हमें क्या प्रेरणा मिलती है?
(घ) ' सहस्र दृग-सुमन ' से क्या तात्पर्य है? कवि ने इस पद का प्रयोग किसके लिए किया होगा?

प्रश्न 10. ' कर चले हम फिदा ' पाठ के आधार पर सैनिकों की भावनाओं और कार्यों का उल्लेख कीजिए। **5**

अथवा

' मनुष्यता ' कविता के आधार पर बताइए कि गुप्त जी ने किस प्रकार परहित के भाव को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया है?

प्रश्न 11. (क) नेताजी का व्यक्तित्व कैसा था और उन्होंने हरिहर काका की जमीन से संबंधित क्या प्रस्ताव रखा था ? **3**

(ख) पीटी मास्टर के व्यवहार का छात्रों पर क्या प्रभाव पड़ता था? ' सपनों के - से दिन ' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए। **3**

## (खण्ड-घ) (लेखन)

प्रश्न 12. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर किसी <u>एक</u> विषय पर लगभग 80 से 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। **6**

(क) आज की बचत कल का सुख

(i) बचत का अर्थ
(ii) बचत का महत्त्व
(iii) सुखमय भविष्य

(ख) पुस्तकालय और उसका सदुपयोग

(i) पुस्तकालय - ज्ञान का भंडार
(ii) आधुनिक पुस्तकालय
(iii) पुस्तकालय के नियम

**P.T.O.**

(ग) गरीब मज़दूर

(i) घोर परिश्रम

(ii) अज्ञान और अशिक्षा

(iii) वर्तमान स्थिति

प्रश्न 13. खेल का सामान बेचने वाली कंपनी ' स्पोर्ट्स नेशनल ' से आपने जो सामान मँगवाया था, वह घटिया स्तर का है और महँगा भी है। कंपनी के निदेशक को इसकी शिकायत करते हुए 80 से 100 शब्दों में पत्र लिखिए। **5**

अथवा

बस में छूटे सामान का पता लगाने के लिए दिल्ली परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक को 80 से 100 शब्दों में पत्र लिखिए।

प्रश्न 14. आपके विद्यालय में पुराने फर्नीचर की नीलामी की जाएगी। प्रधानाचार्य की ओर से 40 से 50 शब्दों में एक सूचना जारी कीजिए, जिसमें नीलाम किए जाने वाले सामान की पूर्ण जानकारी हो। **5**

अथवा

मानव कल्याण समिति, आगरा के सचिव की ओर से 40 से 50 शब्दों में एक सूचना जारी कीजिए जिसमें कॉलोनी के समस्त निवासियों को यह सूचना दी जाए कि दिनांक 25 जनवरी, 2020 को पानी की पाइप लाइनों की सफाई होगी इसलिए प्रात: 6 बजे से सायं 6 बजे तक पानी नहीं आएगा।

प्रश्न 15. आपका नाम मोहन हैं। आप नया मकान खरीदने के लिए बैक से ऋण लेना चाहते हैं। आपके और बैंक प्रबंधक के बीच हुए वार्तालाप को लगभग 50 से 60 शब्दों में संवाद के रूप में लिखिए। **5**

अथवा

सोहन बाहरवीं कक्षा के बाद विदेश में पढ़ना चाहता है। इस विषय पर सोहन और पिता के बीच हुए वार्तालाप को लगभग 50 से 60 शब्दों में संवाद के रूप में लिखिए।

प्रश्न 16. आपके शहर में हिंदी की पुस्तकों की प्रदर्शनी का आयोजन होगा, जिसमें हिंदी की महत्त्वपूर्ण पुस्तकें आधे मूल्य पर उपलब्ध होंगी। इसके प्रचार हेतु 25 से 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए। **5**

अथवा

मनोहर गार्डन्स नाम से एक समारोह-स्थल है। उसमें पार्टियाँ करने, ठहरने व भोजन करने की व्यवस्था भी है। इसके प्रचार हेतु 25 से 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

--------------****---------------